अमर उजाला 11/09/2025

# आत्महत्या रोकथाम दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान



**आत्महत्या रोकथाम दिवस पर जागरूकता अभियान में संबोधित करतीं वक्ता। कॉलेज**

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में युवा रेडक्रॉस सोसाइटी का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और वाईआरसी संयोजक डॉ. राकेश कुमार मुख्यातिथि रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वाईआरसी की भूमिका को मानवीय मूल्यों और सामाजिक सेवा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण बताया। वहीं, कॉलेज में आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान चलाया गया। मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. अनुपमा सिहाग बताया कि छात्रों ने आत्महत्या के मुद्दे पर जागरूकता बढ़ाने के लिए रोल प्ले का आयोजन किया। इस दौरान हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता ,डॉ. राजेंद्र देशवाल, डॉ. अनीश कुमार आदि मौजूद रहे। संवाद